उत्तर पश्चिम रेलवे

रेल भर्ती कक्ष
बिल्डिंग न 4 द्वितीय तल
केंद्रीय रेलवे अस्पताल के सामने
रेलवे स्टेशन द्वितीय प्रवेश के पास
जयपुर–302006

संख्या – 740–ई/आरआरसी/एक्ट अप्रैन्टिस/2026–27

दिनांक : 24.11.2026

महत्वपूर्ण सूचना

विषय : अप्रेन्टिस एक्ट 1961 के तहत अप्रैन्टिसशिप प्रशिक्षण सूचना संख्या 04/2026 के तहत आनलाईन आवेदनों में त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर।

रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर द्वारा वर्ष 2026–27 के लिये अप्रैन्टिस एक्ट 1961 के तहत अप्रैन्टिसशिप प्रशिक्षण सूचना संख्या 04/2026 के द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में आने वाले मण्डलो एवं वर्कशॉप ईकाईयों पर अप्रैन्टिसों के प्रशिक्षण के लिये चयन हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 22.11.2026 थी।

अंतिम तिथि तक आनलाईन आवेदन पूर्ण रूप से सबमिट करने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाईन आवेदन में यदि कोई त्रुटि हो तो, त्रुटि सुधार हेतु एक अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र में नाम, मोबाइल नम्बर एवं ईमेल आईडी को छोडकर अन्य कॉलमों में संशोधन कर सकते हैं।

ऑनलाईन आवेदन पत्र में संशोधन करने हेतु लिंक रेलवे भर्ती कक्ष, जयपुर की आधिकारिक वेबसाईट पर दिनांक 25.11.2026 से 26.11.2026 (23.59) बजे तक उपलब्ध कराया जायेगा।

उक्त अवधि के पश्चात किसी भी अभ्यर्थी को ऑनलाईन आवेदन में किसी भी प्रकार के संशोधन का अवसर नहीं दिया जायेगा एवं ऑनलाईन आवेदन में भरी गई जानकारी को अंतिम माना जायेगा। इसके उपरान्त भी ऑनलाईन आवेदन में रही त्रुटि के लिए अभ्यर्थी स्वंय जिम्मेदार होंगे ।

..sd..
सकाधि/रेभक
कृते अध्यक्ष/रेलवे भर्ती कक्ष